## महत्वपूर्ण एवं खास

### 3.6 करोड़ का बिजली बिल घोटाला, उच्च अधिकारियों पर गिरी गाज

**अंबिकापुर (आरएनएस)।** कंपनी के महाप्रबंधन मानव संसाधन द्वारा जारी आदेश ने प्रदेश में हड़कंप मचा दिया है। बड़ी कार्रवाई करते हुए विभाग ने विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता डीएस भगत और अतिरिक्त मुख्य अभियंता आवेदन कुजूर को उनके पद से मुक्त कर दिया है। सौभाग्य योजना के तहत विद्युतीकरण में गड़बड़ी और 3.6 करोड़ रुपये का बिजली बिल घोटाला सामने आने के बाद हुई इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। कंपनी के महाप्रबंधन मानव संसाधन द्वारा जारी आदेश के बाद कहा जा रहा है कि ये सिलसिला यही नहीं थम रहा, अभी और भी कई उच्च अधिकारियों पर गाज गिर सकती है।

### कीटनाशक का सेवन कर व फांसी लगाकर दो युवकों ने की आत्महत्या

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के कोरर थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम उपरतोनका निवासी विनोद कुमार उईके उम्र 22 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। गंभीर हालात में जिला अस्पताल में भर्ती किया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वंहीं अंतागढ़ थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम ईराबोड़ी निवासी सगउराम पोटाई उम्र 21 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते टेमरूपानी और खोड़पानी के बीच जंगल में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस मौके पर पंहुचकर मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

### शराब तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार,भारी मात्रा में शराब जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** तिल्दा-नेवरा पुलिस ने शराब बेचते बाइक सवार को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक मुखबिर सूचना पर आरोपी बिशालिक राम जागड़े के कब्जा से घटनास्थल बैकुंठ रेल्वे पुल के पास से एक मोटर सायकल क्र. सीजी 04 एचके 0611 के डिक्की में गुलाबी रंग के थैला में रखा 40 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब कुल मात्रा 7.200 मि.ली. कीमती करीब 4400 रू आरोपी बिशालिक राम जागड़े के कब्जा से जब्त किया गया है। पूछताछ में उक्त अवैध शराब को बिक्री हेतु ले जाना बताया अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत् अपराध पंजीबध्द कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### मर्जी के खिलाफ किया प्रेम-विवाह, पिता-पुत्र के बीच मारपीट

**कोरबा (आरएनएस)।** परिवार के मर्जी के खिलाफ प्रेम विवाह कर एक माह बाद पारिवारिक मकान में रहने को लेकर विवाद पर पिता-पुत्र के बीच मारपीट हुई। मामले में पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया है। हरीदबाजार उप थाना के सतनामी मोहल्ले में रहने वाला संतकुमार बंजारे के मुताबिक उसका बेटा राहुल ने उनकी मर्जी के खिलाफ एक माह पहले दूसरे समाज की युवती से प्रेम विवाह किया था। इसके बाद वे किराए के मकान में रह रहे थे, जो शुक्रवार को घर में रहने आ गए। उन्हें परिवार ने रखने से इंकार कर दिया। इसे लेकर राहुल ने गाली-गलौज कर मारपीट की। उसकी पत्नी ने बीच-बचाव किया तो उसे भी पीटा। दूसरी ओर राहुल ने बताया वह अपनी पत्नी माही सिंह के साथ स्वयं के घर में रहने गया था, जहां उसके पिता ने घर के सामने कमल टंडन के साथ मिलकर गाली-गलौज कर मारपीट की।

### 309 पदों पर भर्ती के लिये रोजगार मेला का आयोजन 9 दिसंबर को

**कोण्डागांव (आरएनएस)।** कार्यालय रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र ने जानकारी दी है कि 09 दिसंबर को प्रातः 10.30 से शाम 03 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय लाइवलीहुड कॉलेज डोंगरीपारा कोण्डागांव में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। इस रोजगार मेले में 309 पदों पर जिले के बेरोजगार युवाओं की भर्ती की जायेगी।

# सिंचाई परियोजनाओं के लिए 73 करोड़ रूपए स्वीकृत

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन ने विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण एवं सुधार कार्यों के लिए 73 करोड़ 66 लाख 48 हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजनाओं के पूरा होने से 5959 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।



बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा की डोटू व्यपवर्तन एल.बी.सी एवं आर.बी.सी लघु नहरों का रिमाडलिंग तथा लाईनिंग कार्य के लिए 37 करोड़ 18 लाख 56 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 4029 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड साजा की ठेलका व्यपवर्तन योजना शीर्ष कार्य, मुख्य एवं लघु नहरों का रिमाडलिंग तथा लाईनिंग कार्य के लिए तीन करोड़ 25 लाख 58 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 470 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड साजा की लुक व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य एवं नहरों का रिमाडलिंग तथा लाईनिंग कार्य के लिए एक करोड़ 19 लाख नौ हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना पूरा होने से 288 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड साजा की गब्दी व्यपवर्तन योजना के बायीं तट नहर का रिमाडलिंग तथा लाईनिंग कार्य के लिए दो करोड़ 89 लाख 97 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना पूरा होने से 260 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

विकासखण्ड बेरला की डोटू नाला पर हड़गांव-केचवई एनीकट कम रपटा निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 38 लाख 44 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 60 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-साजा के अंतर्गत सोनपांडर तटबंध सुरक्षा कार्य के लिए दो करोड़ 41 लाख 85 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विकासखण्ड साजा की सुरही नदी पर भोजेपारा तटबंध सुरक्षा कार्य के लिए एक करोड़ 55 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विकासखण्ड साजा की सुरही नदी पर बुधवारा तटबंध सुरक्षा कार्य के लिए दो करोड़ 12 लाख 87 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विकासखण्ड साजा के अंतर्गत मासुलगोंदी तटबंध सुरक्षा कार्य के लिए दो करोड़ 38 लाख 20 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विकासखण्ड साजा की जामगांव जलाशय का जीर्णोद्धार एवं नहरों का रिमाडलिंग तथा लाईनिंग कार्य के लिए दो करोड़ 76 लाख 05 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 200 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड साजा की कर्रानाला पर चोरभट्ठी-चेचानमेटा एनीकट कम काजवे निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 94 लाख 73 हजार रूपए की प्रशासकीय प्रदान की गई है।

# झारखंड से छत्तीसगढ़ ला रहे 60 बोरी अवैध धान जब्त

### » एक दिसम्बर से की जाएगी धान खरीदी

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप प्रदेश के किसानों से एक दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हो रही है। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर किसानों द्वारा सुगमतापूर्वक धान विक्रय के संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां धान खरीदी के पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री भगत ने राज्य की सीमाओं पर चैक-पोस्ट लगाकर अवैध धान के परिवहन पर निगरानी रखने के भी निर्देश दिए हैं। झारखंड से जशपुर जिले की सीमा से छत्तीसगढ़ ला रहे 60 बोरी अवैध धान को जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में संयुक्त दल द्वारा परिवहन करते हुए जप्त किया गया है।

खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के निर्देश पर प्रदेश में अवैध धान परिवहन को रोकने के लिए सभी सीमावर्ती चैक-पोस्ट पर 24 घण्टे निगरानी की जा रही है। इसके अलावा कच्चे रास्तों एवं पगडंडियों पर भी नजर रखी जा रही है। राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों, बिचौलियों, कोचियों पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। अवैध धान के आवागमन पर रोक लगाने के लिए गोदामों का भौतिक सत्यापन करने सहित छापेमारी की कार्यवाही भी की जा रही है।

# बदमाशों ने एक युवक पर फायरिंग कर दी,आरोपी फरार, जांच में जुटी पुलिस

**बिलायपुर (आरएनएस)।** डीजल चोरों के बीच भी वर्चस्व की लड़ाई शुरू हो गई है। कोरबा की कुसमुंडा खदान के पास 28 नवंबर देर रात बदमाशों ने एक युवक पर फायरिंग कर दी। गोली युवक की जांघ में लगी है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवक ने बताया कि वह डीजल चोरों के गैंग के लिए काम करता है। उस पर स्थानीय गैंग के सदस्यों ने फायरिंग की और भाग निकले। वहीं पुलिस इसे आपसी रंजिश में हुआ झगड़ा बता रही है। जानकारी के मुताबिक, बिलासपुर के तिफरा निवासी सुमित कुमार चौधरी 21 वर्ष अपने एक परिचित के पास कोरबा के पुरानी बस्ती आया हुआ था। वहां से रात करीब 10 बजे वह गाड़ी लेकर निकला। इसी दौरान कुसमुंडा क्षेत्र में रेलवे साइडिंग के पास काले रंग की स्कार्पियो में सवार कुछ लोग खड़े दिखाई दिए। उनमें कोरबा निवासी राजा खान, अशरफ खान और अभिषेक आनंद सहित 3 अन्य लोग थे। वे सुमित को धमकी देने लगे। विवाद बढ़ा तो गोली मार दी। सुमित ने बताया कि वह बिलासपुर के साजिद खान के लिए पहले काम करता था। साजिद डीजल चोरी करवाता है। पहले वे लोग कोल इंडिया की सहायक कंपनी साउथ इस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड की कुसमुंडा खदान से डीजल चोरी करते थे, लेकिन अब बंद कर दिया है। सुमित ने बताया कि वह 4-5 दिन से कोरबा में था। उसे पेशी में गरियाबंद जाना था तो अपने साथी के साथ निकला था। वहीं दर्री सीएसपी लितेश सिंह ने बताया कि यह आपसी रंजिश का मामला है। पुलिस जांच कर रही है।

# पुलिस कर्मियों पर जानलेवा हमला, अपराध दर्ज

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिले के करतला थाना क्षेत्र में शनिवार रात मेला में युवकों ने वाद-विवाद किया और समझाइश देकर लौट रही पुलिस पार्टी पर हत्या करने की नियत से जानलेवा हमला कर दिया। दर्जन भर लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

करतला थाना में पदस्थ आरक्षक जयराम सिंह कंवर 27 नवम्बर को डायल 112 में डयूटी पर चालक अजय श्रीवास के साथ तैनात था। रात 20.24 बजे सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम पसरखेत बाजार के पास लडाई-झगडा हो रहा है। डायल 112 के बाजार चौक में जाने पर वहां कोई लड़ाई-झगडा नही हो रहा था। गांव पसरखेत में मेला का आयोजन किया गया था जो मेला चल रहा था। मेला में काफी भीड भाड था। मेला डयूटी में थाना करतला से उप निरीक्षक अनिल बडा, आरक्षक सुरेंद्र कुर्रे, आरक्षक राजेंद्र पटेल, आरक्षक करन कंवर, आरक्षक राजपाल सिंह तथा आरक्षक झंगल मंझवार पसरखेत गये हुये थे। भीड भाड जादा होने के कारण 112 की टीम वहीं रूक कर डयूटी कर रहे थे। रात्रि 10 बजे चालक ईश पटेल पसरखेत में आकर डयूटी पर तैनात हुआ था। आरक्षकों ने उन्हे हुल्लड, वाद विवाद करने से मना किये तो बहस बाजी करने लगे। उनको समझा बुझा कर रात्रि करीब 12 बजे आरक्षक 112 वाहन के पास आये और थाना वापस आने के लिये गाड़ी में बैठ गये थे। जैसे ही ड्रायवर गाडी को स्टार्ट कर मोडना चालू किया कि पीछे से किसी ने गाड़ी को पत्थर फेक कर मारा। ड्रायवर ईश पटेल गाडी रोक कर जैसे ही नीचे उतरा तो 6-7 लोग जो डण्डा लेकर आये थे, ईश पटेल के सिर पर डण्डे से वार किये जिससे वह वहीं पर गिर गया। पुलिस कर्मी नीचे उतर कर देखे तो करीब 10-12 लोग जिसमें से 6-7 लोग अपने हाथ में डण्डा रखे थे, उनको भी मारना चालू कर दिये। मारपीट से आरक्षक जयराम कंवर को दोनो हाथों में चोट आया। आरक्षक राजेंद्र पटेल के सिर में चोट आया। आरक्षक सरेंद्र कुर्रे के सिर पर चोट आया है, आरक्षक करन को भी चोट आया है। हमला करने वाले लोग ग्राम चचिया के थे जिनमें ग्राम चचिया के देवा राठिया, सिरप राठिया, सितंबर राठिया, डिगम्बर राठिया, प्रदीप राठिया, नरेंद्र राठिया एवं 5-6 अन्य सहयोगी के द्वारा गाली-गलौच करते हुये हमारे गांव के होकर हमसे ही पुलिस गीरी करता है, जान से मारेंगे कहकर गाली गुप्तार करते हुये, जान से मारने की नीयत से हमला किया गया। रिपोर्ट के आधार पर सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 307, 149, 332, 186, 353, 147, 294,148 भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत 4.41 लाख से ज्यादा आवेदन प्राप्त

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूरों को सहायता पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना प्रारंभ की है। योजना का क्रियान्वयन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा किया जा रहा है। योजना के तहत 1 सितम्बर से 30 नवम्बर तक राज्य के सभी जिलों में ग्राम पंचायत स्तर पर आवेदन प्राप्त किए गए हैं। अब तक 4 लाख 41 हजार 658 से ज्यादा आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। प्राप्त आवेदनों के पंजीयन का कार्य जनपद स्तर पर किया जा रहा है। आवेदनों का परीक्षण क्षेत्र के तहसीलदारों द्वारा किया जा रहा है। 30 नवम्बर को आवेदन करने की अंतिम तारीख है। अतः हितग्राहियों से अनुराध किया गया है कि योजना का फायदा लेने के लिए अपने गांव की ग्राम पंचायत में आवेदन प्रस्तुत कर दें।



राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का प्रमुख उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमिहीन परिवारों को पहचान कर उन्हें वार्षिक आधार पर आर्थिक अनुदान सहायता उपलब्ध कराना है। पात्र हितग्राहियों को सालाना 6 हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जो हितग्राही के खाते में सीधे जमा करायी जाएगी। इस आर्थिक सहायता से हितग्राही की आमदनी बढ़ेगी और वह अपने परिवार की जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के ऐसे मूल निवासियों को मिलेगा, जिन परिवारों के पास कृषि भूमि नहीं है, ऐसे परिवारों में चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी और पुरोहित जैसे पौनी-पसारी व्यवस्था से जुड़े परिवार, वनोपज संग्राहक तथा शासन द्वारा समय-समय पर नियत अन्य वर्ग भी पात्र होंगे, जिनके परिवार के पास कृषि भूमि नहीं है।

योजना के तहत प्राप्त होने वाले आवेदनों का परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार कर ग्राम सभा में दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु रखा जाएगा। दावा आपत्ति के निराकरण के बाद पात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। राज्य शासन द्वारा पात्र हितग्राहियों को 6 हजार रूपए सालाना भुगतान किया जाएगा।

# कपड़े दुकान में लगा भीषण आग लाखों का माल जल कर खाक

**रायपुर (आरएनएस)।** एक कपड़े की दुकान में आग लगने की वजह से अफरा-तफरी मच गई। आग इस कदर भयावह थी कि करीब 8 फीट ऊंची लपटें उठने लगीं। टिकरापारा के फायर स्टेशन से एक गाड़ी के साथ रेस्क्यू टीम घटना स्थल अमलेश्वर चौक पहुंची। दुकान के बाहर मौजूद बिजली के खंभे के तारों में शॉट सर्किट हो रहा था। चिंगारियां सड़क पर गिर रही थीं। दुकान से निकलने वाली ऊंची लपटें ऊपर मौजूद तार को बेहद गर्म कर चुकी थीं। कुछ देर बार इलाके की बिजली बंद की गई।अंधेरे के बीच धधकती लपटों पर काबू पाने की कोशिश में फायर डिपार्टमेंट के लोग लगे रहे। करीब 1 घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद आग पर काबू पाया गया। फायर रेस्क्यू टीम काफी देर तक कूलिंग का काम रहती रही ताकि आग दुबारा न भड़के। दुकान के अंदर रखे कपड़े पूरी तरह से जल गए। माना जा रहा है कि ये हादसा दुकान के अंदर शॉर्ट सर्किट की वजह से हुआ। जब हादसा हुआ वहां कोई नहीं था इसलिए किसी को हताहत नहीं हुई है।

# छत्तीसगढ़ी संस्कृति परिषद के लिए अशासकीय सदस्यों का मनोनयन

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा के अनुरूप संस्कृति विभाग के विभिन्न प्रभागों को एक अम्ब्रेला के नीचे लाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्ष में गठित छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के लिए अशासकीय क्षेत्र के 15 सदस्यों का मनोनयन किया गया है। इस आशय का आदेश मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर स्थित संस्कृति विभाग द्वारा जारी कर दिया है। शासन द्वार जारी आदेश अनुसार नामांकित सदस्यों में राज्य के साहित्य और कला क्षेत्र से संबंधित व्यक्ति विजय गुप्ता अम्बिकापुर साहत्य के क्षेत्र से, भूपेश तिवारी कोण्डागांव आदिवासी लोककला के क्षेत्र से, सुसरिता वर्मा भिलाई चित्रकला-मूर्तिकला के क्षेत्र से, भूपेन्द्र साहू रायपुर नाट्यकला के क्षेत्र से, पदमममता चन्द्राकर, कुलपति इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ शास्त्रीय-लोक संगीत के क्षेत्र से कालीचरण यादव बिलासपुर और सुबसंती वैष्णव रायगढ़ नृत्य के क्षेत्र को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसी प्रकार कला साहित्य में रूचि रखने वाले छत्तीसगढ़ से भारतीय संसद में निर्वाचित सदस्य दीपक बैज सांसद बस्तर को भी सदस्य नामांकित किया गया है।




उल्लेखनीय है कि परिषद के अंतर्गत कुल 6 प्रभाग है, जिनमें साहित्य अकादमी में पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी पीठ श्रीकांत वर्मा पीठ और गुरूघासीदास शोध पीठ होंगे। साहित्य अकादमी के इन तीनों पीठों के अध्यक्ष भी परिषद के सदस्य होंगे। शेष अन्य 5 प्रभागों के सदस्य होंगे। साहित्य अकादमी के अध्यक्ष ईश्वर सिंह दोस्त, पिथौरा-भोपाल, पदुमलाल, पुन्नालाल बख्शी पीठ के ललित कुमार भिलाई, श्रीकांत वर्मा पीठ के रामकुमार तिवारी बिलासपुर, आदिवासी एवं लोककला अकादमी के अध्यक्ष नवल शुक्ल अम्बिकापुर, कला अकादमी के अध्यक्ष योगेन्द्र त्रिपाठी खैरागढ़-भिलाई तथा अध्यक्ष द्वारा मनोनित दो सदस्य विनोद वर्मा रायपुर और जयंत देशमुख रायपुर को भी परिषद का सदस्य मनोनित किया गया है। इन मनोनित सदस्यों का कार्यकाल दो वर्षों के लिए निर्धारित होगा।

# मुख्यमंत्री से मिलकर गरीब परिवार के होनहार छात्र योगेश साहू के लिए आईआईटी की पढ़ाई की राह हुई आसान

### » मुख्यमंत्री ने योगेश को आईआईटी की पढ़ाई के लिए 4 लाख रूपए की दी स्वीकृति

### » पढ़ाई के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सहृदयता से गरीब परिवार के होनहार छात्र योगेश साहू के लिए आईआईटी बाम्बे में पढ़ाई करना अब संभव हो पाएगा। बलौदाबाजार जिले के भाटापारा निवासी छात्र योगेश साहू ने जेईई एडवांस की परीक्षा वर्ष 2021 में ऑल इंडिया रैंक (ओबीसी) 241 प्राप्त किया है। उनका दाखिला आईआईटी बाम्बे में हो रहा है। योगेश साहू के पिता गयाराम साहू वाहन चालक हैं। उनकी मासिक आय लगभग 12 हजार रूपए है। योगेश साहू ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर उन्हें अपने परिवार की आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी दी थी। योगेश ने बताया कि आईआईटी बाम्बे की फीस 4-5 लाख रूपए है, कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण उनका परिवार यह भार वहन करने में सक्षम नहीं है। योगेश ने आईआईटी की पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। मुख्यमंत्री ने योगेश को पढ़ाई के लिए राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया है। उन्होंने योगेश साहू को आईआईटी की पढ़ाई के लिए 4 लाख रूपए की राशि मंजूर की है। योगेश साहू ने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि सत्र 2018-19 में उन्होंने हाई स्कूल परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। मुख्यमंत्री ने योगेश साहू को उनकी इस सफलता के लिए बधाई दी और पढ़ाई के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने योगेश को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।




SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य तथा में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विशेष कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU